कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर **(म.प्र.)**
दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706
ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in

दिनांक 25/ 09/2019

प्रेस विज्ञप्ति

स्वच्छता के साथ मुस्कराहट बनाये रखने का संदेश

आज दिनांक 25/09/2019 को शा.कन्या महाविद्यालय सीहोर में महात्मा गांधी की 150 वी जयंती एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वर्ण जयंती समारोह के दूसरे दिन निःशुल्क दन्त परीक्षण शिविर का आयोजन डॉ. नीतेश गौर, डॉ. प्रियंका गौर, डॉ. अन्नपूर्णा राठौर एवं उनके सहयोगी श्री अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता मे पूर्ण हुआ। कार्यक्रम का शुभारंम रासेयो के प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर मल्यार्पण एवं दीप प्रज्जतलन के साथ किया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. नीतेश गौर ने कहा कि शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वच्छता के साथ–साथ हमारी दांतो की स्वच्छता भी महत्वपूर्ण है क्योकि स्वस्थ मुस्कराहट के लिए स्वस्थ दांतो का होना आवश्यक है। उन्होने दांतो की देखभाल, साफ–सफाई, दांतो की सड़न को रोकना, माउथ वॉश का प्रयोग करना, दिन में दो बार ब्रश करना, 5 प्रकार से ब्रश करके दांतो की सफाई का सही तरीका, ब्रश बदलने का समय, ब्रश का प्रकार आदि सभी बातो को विस्तृत रूप से बताया। माउथवॉश के न होने पर गुनगुने पानी मे नमक डालकर कुल्ला करके भी दांतो को साफ रख सकते है। इस शिविर के दौरान लगभग 300 छात्राओं एवं समस्त स्टाफ का दंत परीक्षण कराया गया। छात्राओं को निःशुल्क दवा के साथ पेन का भी वितरण किया गया। तथा भविष्य में निःशुल्क चेक अप का वादा किया। संम्पूर्ण शिविर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. जी.एल. जैन, रासेयो सहयोगी डॉ. प्रतिमा सोनी के मार्गदर्शन तथा कविता, अर्चना परमार, प्रिया धाड़ी, सुलोचना, मेघा झंवर, भावना व्यास, रानू राठौर, निशा मालवीय, दीप्ति परमार, रीतु बालौदिया, रेखा खेलवाल के विशेष सहयोग से पूर्ण हुआ। प्राचार्य ने सफल शिविर की शुभकामनाऐ दी।

भारतीय युवा रेडक्रास
दन्त चिकित्सा शिविर
दिनांक : 25.9.2019
स्वास्थ्य परीक्षण शिविर
शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)

25.9.2019
ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये
स्वास्थ्य परीक्षण शिविर
शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)

भारतीय युवा रेडक्रास
दन्त चिकित्सा शिविर
दिनांक : 25/9/2019
"राष्ट्रीय सेवा योजना"
150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA
स्वास्थ्य परीक्षण शिविर
शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)

भारतीय युवा रेडक्रास
दन्त चिकित्सा शिविर
25.9.2019
कन्या महाविद्यालय
"राष्ट्रीय सेवा योजना"
स्थापना दिवस
स्वास्थ्य परीक्षण शिविर
शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)